संख्या-101/22-4-2010-48(70)/94टी0सी0-8

प्रेषक,

सत्य प्रकाश पंखा,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उ0प्र0 लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांक- 21 जनवरी,2010

विषयः- शहर की घनी आबादी के मध्य आ गयी जिला कारागार, बरेली के स्थानान्तरण एवं नवसृजित जनपद गौतमबुद्धनगर, अम्बेडकरनगर एवं कांशीरामनगर में जिला कारागार निर्माण हेतु भूमि व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त विषयगत कारागारों के निर्माण हेतु भूमि व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये है:-

1- जिला कारागार बरेली को शहर से बाहर स्थानान्तरित किए जाने हेतु तहसील सदर के ग्राम सैदपुरकुर्मियान, भरतापुर व चोसन्डा में स्थित उ0प्र0 राज्य चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास निगम लि0 इकाई बरेली के नाम अंकित 33.899 हेक्टेयर भूमि को कारागार निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया। नियमानुसार उक्त भूमि चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा कारागार विभाग को हस्तान्तरित कर दी जाय। भूमि का मूल्य जिलाधिकारी द्वारा तय किया जायेगा जिसका भुगतान यथासमय सम्बन्धित विभाग को कर दिया जायेगा।

2- नवसृजित जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्राम लुक्सर में चयनित 36 हेक्टेयर भूमि कारागार विभाग को जिला कारागार गौतमबुद्धनगर के निर्माण हेतु ग्रेटर नोयडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा हस्तान्तरित कर दी जाय। भूमि के मूल्य के भुगतान के संबंध में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रक्रिया एवं सीमा निर्धारित की जायेगी उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

3- नवसृजित जनपद अम्बेडकरनगर में जिला कारागार के निर्माण हेतु अकबरपुर स्थित कताई मिल की भूमि भवन (स्ट्रक्चर्स एवं फिक्चर्स सहित) क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। मिल के जो भवन (स्ट्रक्चर्स एवं फिक्चर्स सहित) प्रयोग के योग्य नहीं हैं उनका मूल्यांकन कराकर लोक निर्माण विभाग के शासनादेश संख्या-477-सी/23-5-08-50(40)ई0जी0/2008 दिनांक-26 मार्च, 2008 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण एवं मलवा का निस्तारण कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा एक माह के भीतर किया जायेगा तथा निस्तारण से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा कराया जायेगा।

4- नवसृजित जनपद कांशीरामनगर में जिला कारागार के निर्माण हेतु ग्राम पचलाना में पशुपालन विभाग द्वारा 50.00 एकड़ भूमि कारागार विभाग को निःशुल्क हस्तान्तरित कर दी जाय।

...2

5- जिला कारागारों- शाहजहांपुर, आज़मगढ़, बरेली, गौतमबुद्धनगर, अम्बेडकरनगर, चित्रकूट, एवं कांशीरामनगर के निर्माण हेतु चयनित कार्यदायी संस्था उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत किए गए आगणन/डीपीआर में सम्मिलित अनेक अमानकीकृत कार्य भी निर्मित कराये जायेंगे।

भवदीय,

(सत्य प्रकाश पंखी)
अनु सचिव।

संख्या- (1)/22-4-2010 तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर।
2- प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
3- प्रमुख सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
4- प्रबंध निदेशक, यू0पी0स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि0,कानपुर।
5- सचिव, पशुपालन विभाग।
6- जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर/अम्बेडकरनगर/कांशीरामनगर/बरेली।
7- प्रबंध निदेशक, उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम,उ0प्र0।
8- प्रबंध निदेशक, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास निगम लि0, उ0प्र0।
9- निदेशक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
10- संबंधित समीक्षा अधिकारी/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सत्य प्रकाश पंखी)
अनु सचिव।